TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

M o n d a y

## 01 जुलाई

1. **अंतर्राष्ट्रीय चुटकुला दिवस–** किसी घटना की हास्यापद प्रस्तुति को चुटकुला, लतीफा या परिहास कहा जाता है। इसे अंग्रेजी में जोक्स कहते हैं। चुटकुला एक छोटी सी कहानी, एक लघु वाक्य या वाक्यांश हो सकता है। चुटकुले सुनाने का उद्देश्य अट्टाहास करना होता है। किसी व्यक्ति के तनाव को कम करने में यह सहयोग करता है। हँसी को दुनिया की सबसे कारगर दवाई मानी जाती है। हँसी के फायदों को देखते हुए प्रतिवर्ष एक जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय चुटकुला दिवस मनाया जाता है।
   - **संदर्भ : वर्ग 6 की अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 13** से जोड़कर बच्चों के साथ चर्चा करें।
2. **डॉक्टर्स डे–** पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे भारत रत्न से सम्मानित प्रख्यात वरिष्ठ चिकित्सक व निर्भीक स्वतंत्रता सेनानी डॉ0 विधान चंद्र राय का जन्मदिन को 'डाक्टर्स डे' के रूप में मनाया जाता है। विधान चंद्र राय का जन्म 1 जुलाई, 1882 ई. को बांकीपुर, पटना में हुआ था। 14 जनवरी, 1948 ई. से उनकी मृत्यु तक वे पश्चिम बंगाल के द्वितीय मुख्यमंत्री रहे। भारत सरकार ने उनके प्रशंसनीय कार्यों हेतु वर्ष 1961 में भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया। उनका निधन भी 1 जुलाई 1962 को कोलकाता में हुआ था।
3. **स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना–** 1 जुलाई, 1955 को इंपीरियल बैंक ऑफ इंडिया कर राष्ट्रीयकरण कर इसे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का नाम दिया गया। इसका मुख्यालय मुम्बई में है।
   - **संदर्भ: वर्ग 6 की नागरिक की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 4**
4. **भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना–** देश में औद्योगिक विकास हेतु आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार ने 1 जुलाई, 1964 को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की स्थापना किया। वर्ष 1976 तक यह बैंक रिजर्व बैंक का एक अनुशंगी बैंक था। आई.डी.बी.आई. सार्वजनिक, निजी, संयुक्त तथा सहकारी क्षेत्रों के लघु, मध्यम तथा बड़े स्तर के उद्योगों की सहायता करता है।
   - **संदर्भ : वर्ग 6 की नागरिक की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 4**
5. **भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना–** वर्ष 1948 में भारत सरकार ने एक विशेष अधिनियम के तहत इस निगम की स्थापना की। यह निगम आवश्यकता पड़ने पर विश्व बैंक से विदेशी मुद्रा उधार ले सकता है। यह रिजर्व बैंक से भी उधार ले सकता है। यह औद्योगिक फर्मों को ऋण तथा अग्रिम देता है। 1 जुलाई, 1993 ई. को आई. एफ. सी. आई को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी के रूप में परिवर्तित कर दिया गया।

# दिवस विशेष

1 जुलाई

मधु प्रिया

## डॉक्टर्स डे 1 जुलाई




हर साल जुलाई की पहली तारीख को देशभर में यह दिन मनाए जाने की वजह है देश के जाने-माने चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे डॉ. विधान चंद्र राय की जयंती और पुण्यतिथि, जो 1 जुलाई को ही होती है । और उन्हें श्रद्धांजलि एवं सम्मान देने के लिए नेशनल डॉक्टर्स-डे के लिए यही दिन निर्धारित किया गया।भारत में 1 जुलाई को विधानचंद्र रॉय के जन्म दिन के रूप में डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने 1991 में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाने की शुरुआत की थी। देश के महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधानचंद्र रॉय को सम्मान देने के लिए यह मनाया जाता है।महान भारतीय चिकित्सक डॉ. बिधानचंद्र राय का जन्म दिवस एक जुलाई को मनाया जाता है। उनका जन्म 1882 में बिहार के पटना जिले में हुआ था। कोलकाता में चिकित्सा शिक्षा पूर्ण करने के बाद डॉ. राय ने एमआरसीपी और एफआरसीएस की उपाधि लंदन से प्राप्त की।1911 में उन्होंने भारत में चिकित्सकीय जीवन की शुरुआत की। इसके बाद वे कोलकाता मेडिकल कॉलेज में व्याख्याता बने। वहां से वे कैंपबैल मेडिकल स्कूल और फिर कारमिकेल मेडिकल कॉलेज गए। उनकी ख्याति एक शिक्षक एवं चिकित्सक के रूप में नहीं, बल्कि स्वतंत्रता सेनानी के रूप में महात्मा गांधी के साथ असहयोग आंदोलन में शामिल होने के कारण बढ़ी।

# जयंती विशेष 01 जुलाई

राकेश कुमार




**अब्दुल हमीद** *Abdul Hamid*, जन्म: 1 जुलाई, 1933, ग़ाज़ीपुर, उत्तर प्रदेश; शहादत: 10 सितम्बर, 1965) भारतीय सेना के प्रसिद्ध सिपाही थे, जिन्होंने अपने सेवा काल में सैन्य सेवा मेडल, समर सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मान प्राप्त किया था। उन्हें 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में असाधारण बहादुरी के लिए महावीर चक्र और परमवीर चक्र प्राप्त हुआ था।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 01.07.2024

## सामाजिक अंत:क्रिया


सामाजिक संपर्क दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच सामाजिक आदान-प्रदान है। ये संपर्क सामाजिक संरचना का आधार बनते हैं और इसलिए बुनियादी सामाजिक जांच और विश्लेषण का एक प्रमुख विषय हैं। सामाजिक संपर्क का अध्ययन दो (युग्म), तीन (त्रिक) या बड़े सामाजिक समूहों के बीच किया जा सकता है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
INDIA
विराट कोहली ने घोषणा की यह उनका
आखरी T20 विश्व कप का मैच था!
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TOB बूझो तो जानें..
428
ऐसा कौन सा शब्द है, जिसे लिखते तो है, पर पढ़ते नहीं है ... बुझो तो जानें ?
नहीं
संजय कुमार
www.teachersofbihar.org

TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## टी-20

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# सबसे ज्यादा टी-20 मैच जीतने वाले कप्तान



रोहित शर्मा

**IND**

**50**



बाबर आजम

**PAK**

**48**



ब्राइन मसाबा

**UGA**

**45**



इयोन मॉर्गन

**ENG**

**44**


भारतीय डाक
India Post
1 जुलाई
राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस
letters
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
डाक विभाग से जुड़े सभी
कर्मचारियों को हार्दिक
शुभकामनाएं और बधाई।
Madhu priya
/teachersofbihar




# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्थापना दिवस

सभी बैंककर्मियों एवं उपभोक्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

1 July




Your dedication and compassion for curing and saving lives is what makes the world a better place!

## Happy Doctors Day

To all the Doctor's

Madhu priya

/teachersofbihar

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

वरिष्ठ चिकित्सक एवं
स्वतंत्रता सेनानी पश्चिम
बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री
भारत रत्न

## डॉ बिधान चंद्र राय

को डाक्टरर्स डे पर
भावभीनी श्रद्धांजलि।



1 जुलाई 1882 - 1 जुलाई 1962

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

01 जुलाई 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सबसे संक्षिप्त उत्तर है करके दिखाना।

**हरबर्ट स्पेंसर**



राकेश कुमार